*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

---

## सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती पर
## राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सुरक्षा का दिया संदेश
### राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सुरक्षा को कायम रखने के संकल्प के साथ याद किये गये सरदार पटेल

वर्धा दि. 2 अक्तूबर 2015: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय एकता, अखंडता व सुरक्षा के मूल नायक सरदार वल्लभभाई पटेल को उनके जयंती समारोह पर विश्वविद्यालय परिवार ने उन्हें याद किया। इस उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया



गया। 31 अक्टूबर को आयोजित समारोह की शुरुआत परिसर के गांधी हिल पर प्रातः 6:30 बजे शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारियों व विद्यार्थियों, शोधार्थियों द्वारा शपथ ग्रहण समारोह से हुई। शपथ




ग्रहण समारोह में सम्मिलित सभी लोगों ने को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाये रखने की शपथ ग्रहण की। इसके बाद गांधी हिल से नजीर हाट तक राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन हुआ जिसमें शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मियों व विद्‍यार्थियों, शोधार्थियों ने बड़ी उमंग व उत्साह से भाग लिया। दौड़ का प्रारंभ प्रति-कुलपति चितरंजन मिश्र ने किया।




दौड़ के समापन पर नजीर हाट में 'भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियां और सरदार पटेल' विषय पर परिचर्चा आयोजित की गयी जिसमें वक्ताओं ने देश की वर्तमान चुनौतियों पर चर्चा करते हुये सरदार पटेल के आदर्शों व उनके द्‍वारा बताए गये मार्ग पर चलकर उन चुनौतियों से निपटने का



उपाय सुझाया। परिचर्चा में यह बात उभरकर आई कि हमे सरदार पटेल के द्वारा राष्ट्रीय एकता की दिशा में किये गये प्रयास को बढ़ाना होगा तथा सिद्धांत व व्यवहार के अंतर को खत्म करना होगा। परिचर्चा की अध्यक्षता प्रति-कुलपति चितरंजन मिश्र ने की जिसमें प्रो. अरविंद झा, प्रो. सुरेश शर्मा,



उपस्थित शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी, शोधार्थी, विद्यार्थियों ने अपने मत रखें। परिचर्चा का संचालन राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह के समन्वयक प्रो. अनिल कुमार राय ने किया।

अध्यक्षीय उदबोधन में प्रो. चितरंजन मिश्र ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सुरक्षा की चुनौतियों के विषय पर सरदार पटेल के योगदान पर विस्तार से चर्चा करते हुये अपनी बात कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्रियता की भावना का वास्तविक विस्तार तभी हो सकता है जब हम राष्ट्रियता की भावना को

अपने दैनिक जीवन में लायेंगे। यह देश सरदार पटेल व उनके जैसे देशभक्तों के त्याग के कारण सुरक्षित है।




परिचर्चा सत्र के बाद पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में सभी ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया तथा विद्यार्थियों द्वारा विषय को केंद्र में रखकर एक से एक आकर्षक




पोस्टर का निर्माण किया गया। विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये पोस्टरों में केवल राष्ट्र को एक और

अखंड बनाये रखने की अपील मात्र नहीं थी अपितु एकता और अखंडता को बनाये रखने के लिए किये जाने वाले उपायों का भी चित्रण था। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर के महापंडित राहुल सांकृत्यायन केंद्रीय पुस्तकालय में सरदार वल्लभभाई पटेल और राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सुरक्षा विषय पर आधारित पुस्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन प्रारंभ हुआ, यह पुस्तक प्रदर्शनी एक सप्ताह तक चलेगी।



हबीब तनवीर सभागार में 'लाइफ एंड टाइम ऑफ सरदार वल्लभभाई पटेल' डॉक्यूमेंटरी शो का आयोजन हुआ। इन आयोजनों में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र, प्रति-कुलपति प्रो. चितरंजन मिश्र, प्रो. अरविंद झा, प्रो. सुरेश शर्मा, प्रो. मनोज कुमार, कार्यक्रम समन्वयक प्रो. अनिल कुमार राय आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।


SARDAR
PATEL'S